तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 सितंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 रुक-रुक कर गरज के साथ हो रही बारिश




**खबर संक्षेप**

## दुर्गा पंडाल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल



**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एमसीबी जिले के ग्राम नेवरी स्थित दुर्गा पंडाल में माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किए एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ग्रामवासियों से बात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधितों को शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने ग्राम पैनारी स्थित दुर्गा पंडाल में माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त।

## दफ्तर से निकले अधिकारी पहुंचे स्कूल देखने



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, आश्रम शाला, राशन दुकान और स्वास्थ्य केन्द्र का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश के बाद इसका असर अब दिखने लगा है। कई विभागों के अधिकारी अपने कार्यालयों से बाहर निकलकर विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्रों का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने केवल व्यवस्थाओं का निरीक्षण ही नहीं किया, बल्कि भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए स्वयं भोजन भी किया। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों को समय पर नाश्ता और भोजन देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यकर्ताओं से गर्भवती महिलाओं को वितरित किए जाने वाले कोरिया मोदक लड्डू के बारे में जानकारी प्राप्त की। विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाई और अन्य सुविधाओं की भी जांच की गई।

## कैडेट्स ने स्कूल परिसर में की साफ-सफाई



**बैकुण्ठपुर।** साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है। स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-सफाई से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। स्वच्छता का अर्थ है सफाई से रहने की आदत। सफाई से रहने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है, वहीं स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। स्वच्छता सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में अवश्य ही शामिल करना चाहिए। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी कैडेट्स ने 25 सितंबर को विद्यालय, आसपास के परिसर एवं साईकिल स्टैण्ड की साफ-सफाई की। इस अवसर पर व्हीजे मित्रा, राजीव जायसवाल, प्रभात मिश्रा, वाईके मिश्रा, श्रीमती नाजिमा खातून, श्रीमती किरण शुक्ला, श्रीमती मधु त्रिपाठी, श्रीमती कल्पना जायसवाल, श्रीमती अमिता शर्मा, श्रीमती ममता पाण्डेय, दीपक साहू, रेशम लाल, मो. ताहिर, मेघराज मुकर्जी, कुमारी सावित्री, कुमारी अल्का, कुमारी अल्फिया रौशन सिद्दीकी, दिनेश कश्यप, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, अमृतलाल राजवाड़े एवं समस्त स्टॉफ ने कैडेट्स के साथ स्वच्छता अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## घुटरीटोला के पास अवैध शराब जब्त

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के थाना झगराखंड पुलिस द्वारा रोड पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई की गई। सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन किए जाने की जानकारी मिली। पुलिस टीम ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सीमा पर घुटरीटोला के पास घेराबंदी की। इस दौरान स्कूटी में सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही स्कूटी में बैठा पप्पू साहू उर्फ डाकू मौके से फरार हो गया, जबकि स्कूटी चालक एक विधि से संघर्षरत बालक पुलिस की गिरफ्त में आ गया।



### झुमका जलाशय में चली मॉक एक्सरसाइज

# मॉकड्रिल : 2 मछुवारे समेत 10 लोगों की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के प्रमुख झुमका जलाशय में डूबते 2 व्यक्तियों को जवानों द्वारा तत्परता से निकाला गया। दो मछुवारे सहित 10 पर्यटक जलाशय के टापू में फंस गए थे। रेस्क्यू टीम ने बड़ी तत्परता के साथ सभी को सकुशल बाहर निकालने में सफल हुए। 25 सितंबर को कोरिया जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों का आकलन और आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से झुमका जलाशय में व्यापक मॉक ड्रिल (मॉक एक्सरसाइज) किया।

यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली, छग राज्य आपदा प्राधिकरण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। जलाशय क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल कर ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए गए। अभ्यास में यह दशार्या गया कि बाढ़ जैसी आपदा आने पर किस प्रकार तेजी से राहत और बचाव कार्य किया जाए तथा डूबते लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। वहीं नाव पलटने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित बचाने की तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया। टीम ने बाढ़ के तेज बहाव में फंसे ग्रामीणों को निकालने की प्रक्रिया को समझाया। पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकालकर फायर कर्मियों द्वारा एम्बुलेंस से स्वास्थ्य टीम तक पहूंचाया गया। मौके पर मौजूद चिकित्सकों और स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार देना। आपदा प्रबंधन टीम ने ग्रामीणों को बताया कि बाढ़ जैसी स्थिति में घबराएं नहीं, सुरक्षित ऊंचाई ⏭ शेष पेज 4 पर







झूमका जलाशय में की जा रही मॉकड्रिल।

## हसदेव नदी किनारे बाढ़ आपदा मॉकड्रिल

**मनेन्द्रगढ़।** गुरूवार को तहसील नागपुर अंतर्गत हसदेव नदी इंटकवेल तथा ग्राम पंचायत लाई स्थित वन विभाग नर्सरी परिसर में बाढ़ आपदा मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का नेतृत्व कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम लिंगराज सिदार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एलेक्स टोप्पो तथा तहसीलदार सुश्री श्रुति धुर्वे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। अभ्यास की शुरूआत नदी के टापू में फंसे ग्रामीणों को सुरक्षित बाहर निकालने से हुई। इसके बाद तेज बहाव में डूबते व्यक्तियों को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाने, पेड़ों की डालियों और पुल पर फंसे लोगों को मोटर बोट एवं रेस्क्यू रस्सियों की मदद से बाहर लाने का अभ्यास किया गया। बाढ़ से ढहे मकानों में दबे लोगों को निकालने और सर्पदंश पीड़ितों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराकर अस्पताल तक पहुंचाने की प्रक्रिया का भी जीवंत प्रदर्शन किया गया। मॉकड्रिल के सफल संचालन में सतीश उपाध्याय, सुभाष दुबे, मोहर सिंह मराबी, संजय गोंड़, प्रमोद साहू, विनय श्याम, अजय भगत, सतीश मालवीय, संतोष सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धनमत सिंह, रमेश सिंह, ज्ञान चंद, शिव चरन, दिलीप, सुचिता, रश्मि किरण मिंज, अमिना एक्का, लेखा प्रजापति, पुष्पा राजवाड़े, दुर्गा सिंह तथा महेश एक्का का सराहनीय योगदान रहा।

# धनुहर नाले में फंसा ट्रक आवागमन प्रभावित



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम मनसुख में बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर धनुहर नाले में गुरूवार की दोपहर के समय एक लोडेड ट्रक पुलिया के एक छोर में लुढ़क कर फंस गया था, इसके चलते इस मार्ग पर कुछ देर केलिए आवागमन बाधित हो गई थी और दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई थी।

■ **हादसों का गढ़ माना जाता है धनुहर नाला**

मिली जानकारी के अनुसार के 25 सितंबर की दोपहर के समय बैकुंठपुर की ओर आ रही एक लोडेड ट्रक जब ग्राम मनसुख के पास स्थित धनुहर नाला को पार कर चढ़ाई कर रहा था, इसी दौरान ट्रक बेक होकर पुलिया के किनारे हिस्से में फंस गया। इस घटना में किसी प्रकार की कोई हादस चालक की सुझबूझ से टल गया अन्यथा बड़ा हादस हो सकता था। कुछ देर तक लोडेड ट्रक नाला के पुलिया के एक छोर में फंस गया था ,बाद में चालक वाहन को किसी तरह आगे बढ़ाते हुए निकाल लिया और फिर आवागमन सुचारू हो गया। उल्लेखनीय है कि बैकुंठपुर-बिलासपुर मार्ग पर करीब 10 किमी की दूरी पर ग्राम मनसुख में धनुहर नाले में आए दिन लोडेड वाहन दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। धनुहर नाले में प्रतिवर्ष भारी वाहन पुलिया पार करने के बाद चढ़ाई करते वक्त दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं।

### उच्च स्तरीय पुल की मिल चुकी है स्वीकृति

धनुहर नाले में प्रतिवर्ष दर्जनों हादसों के बाद उक्त नाले में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है। यहां पर उच्च स्तरीय पुल बन जाने के बाद हादसो में कमी आएगी। वर्तमान में धनुहर नाले में छोटी रपटा वाली पुलिया है, इसके चलते भारी बरसात में पुलिया के उपर से पानी का बहाव होने लगता है और यातायात प्रभावित होता है साथ ही छोटी पुलिया के पास अचानक मोढ़ व चढ़ाई है, यही दुर्घटना का कारण बनता है।

# एड्स एवं पोषण जागरूकता आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




रेडरिबन क्लब एवं गृहविज्ञान विभाग एवं आईक्यूएसी के द्वारा आयोजित राज्य रजत जयंती समारोह अंतर्गत सेवा पखवाड़ा में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में गृहविज्ञान विभाग यूथ रेडक्रॉस सोसयटी, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयांतर्गत, एड्स की रोकथाम एवं एड्स जागरूकता व्याख्यान राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जीवन शैली शिक्षण एवं आहार एवं पोषण विषय पर विस्तृत व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राज्य गीत के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर एवं बैच लगाकर किया गया। व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजकुमार खाती द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के, बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में और आंगनबाड़ी योजनाओं को विस्तार से बताया। एड्स जागरूकता के बारे में संबोधन देते हुए कहा कि एड्स एक घातक रोग ⏭ शेष पेज 4 पर

## मंगली दीदी बनीं महिलाओं की प्रेरणा

**बैकुण्ठपुर।** आदि कर्मयोगी अभियान और छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा भरी है। सोनहत विकासखंड के छोटे से गांव अंगवाही की मंगली दीदी ने इसी योजना का लाभ उठाकर टमाटर उत्पादन के जरिए आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखी है। बिहान से जुड़ने के बाद मंगली दीदी ने स्व-सहायता समूह के माध्यम से 50 हजार रूपए का ऋण लेकर टमाटर की खेती शुरू की। जैविक खाद और आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर उन्होंने अब तक 200 कैरेट टमाटर का उत्पादन किया और लगभग 80 हजार रूपए की आमदनी अर्जित की है। आने वाले दिनों में उत्पादन दोगुना होने की उम्मीद है, जिससे उनकी आमदनी 1.80 लाख रूपए से अधिक पहुंच सकती है।

## खरवत चौक तक मवेशियों का डेरा..



**बैकुण्ठपुर।** सड़कों पर मवेशियों की आवाजाही के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। 24 सितंबर को कलेक्टर कार्यालय के कुछ ही दूरी पर खरवत चौक के निकट सड़क पर मवेशियों का कब्जा देखा गया। इस तरह के नजारे आए दिन छिन्दडॉड़ खरवत से लेकर खरवत चौक तक देखा जा सकता है।

# वित्तीय समावेशन के लिए विशाल बैंकिंग शिविर




**मनेन्द्रगढ़।** जिले की सिंघाट ग्राम पंचायत में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की पहल पर एक दिवसीय विशेष बैंकिंग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिले की सभी प्रमुख बैंकों की शाखाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, छग राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक की शाखाएं मौजूद रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और खाताधारकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितंबर तक ⏭ शेष पेज 4 पर

## सर्पदंश से गंभीर बालक युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** चांदो थाना अंतर्गत ग्राम मडवा निवासी संतोष कुमार आ. रीझू नाग (24 वर्ष) 22 सितंबर को खेत में लगी धान फसल में कीटनाशक छिड़काव करने गया था। जैसे ही युवक खेत में छिड़काव करने लगा तभी जहरीले सांप ने उसके पैर में डस लिया। परिजन स्थानीय अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज सुबह युवक की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर निवासी सत्यम राजवाड़े आ. जीतन प्रसाद (6 वर्ष) गत दिन अपने नए घर में टांगी लेने गया था। बालक कमरे में टांगी दूंढ रहा था तभी जहरीले सांप ने उसके अंगूठे में डस लिया। बालक ने सांप द्वारा डस लेने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

# साक्ष्य पहचान और ट्रैप कैमरा संचालन को लेकर प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बाघ एवं अन्य वन्यप्राणियों के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष साक्ष्य की पहचान व ट्रैप कैमरा संचालन विधि आदि का प्रशिक्षण कोरिया वनमंडल बैकुंठपुर के वन प्रशिक्षण केन्द्र में विभाग के कर्मचारियों को दिया गया।उक्त प्रशिक्षण डब्ल्यूएफ इंडिया मध्य भारत भू-क्षेत्र के प्रशिक्षक उपेन्द्र कुमार दुबे (सीनियर प्रोजेक्टर ऑफिसर टाईगर विंग एसएमएल टीसीपी, डब्लूडब्लूएफ इंडिया) के द्वारा दिया गया है। उक्त प्रशिक्षण में वनमंडलाधिकारी कोरिया, परिक्षेत्राधिकारी बैकुंठपुर, सोनहत एवं देवगढ़ तथा क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त प्रशिक्षण में वन्यजीव साक्ष्य एवं व्यवहार, बाघ का इतिहास एवं उनकी संख्या तथा पहचान के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया।

वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्र बैकुंठपुर एवं गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के समीप परिक्षेत्र सोनहत के कर्मचारियों को बाघ के प्रजाति की पहचान, पदचिन्हों के प्रकार एवं पहचान, उनके गतिविधि का अनुश्रवण, चिन्हों-साक्ष्यों की पहचान सर्वेक्षण के साथ-साथ वनों में वन्यप्राणियों की गणना के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। अंत में ट्रैप कैमरा का वनों में उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### सूखे पेड़ को काटने की जरुरत

# स्कूल परिसर में गिरा विशालकाय पेड़, बड़ा हादसा टला

**बैकुंठपुर/चरचा कॉलरी।** गुरूवार को चरचा कॉलरी स्थित शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में एक विशाल महुआ का पेड़ अचानक बिना हवा पानी के धाराशायी हो गया। यह तो खुशकिस्मती रही कि पेड़ स्कूल समय के पूर्व सुबह के समय गिरा अन्यथा बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता था।

जानकारी के अनुसार उक्त हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में भी मिडिल स्कूल का संचालन होता है। इस वजह से स्कूल परिसर में बच्चों की चहल कदमी होती रहती है। 25 सितंबर को महुआ का एक पुराना पेड़ बिना हवा के ही अचानक गिर गया। इस दौरान स्कूल का समय नहीं था अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। सूत्रों के अनुसार उक्त परिसर में पुराने महुआ पेड़ को सुरक्षा की दृष्टि से हटाने की मांग को लेकर पूर्व में नगर पालिका को सूचित किया गया था, लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि उक्त घटना स्कूल समय के दौरान हुई होती तो गंभीर हादसा हो सकता था।



**आज हटाया जाएगा गिरे पेड़ को:** स्कूल परिसर में पुराना महुआ पेड़ के गिरने की सूचना नपा के कर्मियों को दी गई, लेकिन किसी भी कर्मचारी ने इस पर संज्ञान लेना उचित नहीं समझा। जब इसकी जानकारी सफाई निरीक्षक को दी गई, तब सफाई निरीक्षक ने यह कहते हुए अपनी जिम्मेदारी टाल दी कि अभी एक भी कर्मचारी उपलब्ध नहीं है, पेड़ की डगाल को शुक्रवार को हटाया जाएगा। नगर वासियों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग व नगर पालिका से मांग की है कि परिसर में मौजूद पुराने व जर्जर पेड़ों का शीघ्र सुरक्षित तरीके से हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

### मुख्य मार्ग व स्कूल के पास सूखा पेड़

कलेक्टर कार्यालय के पास ही मुख्य मार्ग पर जहां दूसरी ओर मिडिल स्कूल संचालित है। वहां पर भी एक सूखा पेड़ महीनों से सड़क किनारे खड़ा है। सड़क पर सुरक्षित यातायात एवं पास के स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर संभावित दुर्घटना के पूर्व ही सड़क किनारे खड़े बड़े सूखे पेड़ को काटकर हटाने की आवश्यकता है अन्यथा यहां पर भी कभी भी सड़क किनारे सूखे पेड़ की वजह से संभावित हादसा होने की संभावना बनी हुई है।

# गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**बैकुण्ठपुर।** जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का आयोजन कलेक्ट श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह अभियान प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत जिले में निरंतर क्रियान्वित किया जा रहा है।

आज की थीम छत्तीसगढ़ की महतारी-हम सब की जिम्मेदारी के अंतर्गत जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और जिला अस्पताल में गर्भवती और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, उपचार, टीकाकरण, आवश्यकता अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सोनोग्राफी सुनिश्चित की गई। महिलाओं को संतुलित आहार, पोषण और निर्धारित समय पर गर्भावस्था जांच के महत्व में बारे में जागरूक किया गया। काउंसलिंग और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करना और परिवारों को स्वस्थ और सशक्त बनाना है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि यदि घर में नारी स्वस्थ है, तो परिवार खुशहाल और समृद्ध होगा और तभी जिले व प्रदेश का विकास संभव है।

## खबर संक्षेप

### विद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस



**रामानुजनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान विद्यालय प्रभारी प्राचार्य सीमा दुबे, व्याख्याता विकास नामदेव, गोपाल सिंह, नरेश गुप्ता, नितिन सिन्हा, विद्या जायसवाल, मंजरी तिवारी, श्रुति साहू, आशा बरवा, शिक्षक प्रकाश जोल्हे, बिहारी लाल साहू, वर्षा सिंह, श्याम सिंह मरावी, विकास देवांगन, आकांक्षा जायसवाल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

### सभापति मोनिका सिंह ने वितरित की स्वेच्छानुदान राशि



**रामानुजनगर।** जिला पंचायत सदस्य मोनिका सिंह ने मंगलवार को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। स्वेच्छानुदान से सहायता राशि पाकर जरूरतमंदों ने बड़ी राहत महसूस की। क्षेत्र क्रमांक 15 से जिला पंचायत सदस्य मोनिका सिंह ने रामानुजनगर स्थित विश्रामगृह में अपने क्षेत्र के वृद्ध दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों को स्वेच्छानुदान का चेक वितरित किया। स्वेच्छानुदान राशि वितरण में जिले भर के जिला पंचायत सदस्यों में बाजी मार ली। कुल 101 जरूरतमंदों को पांच पांच हजार रुपए का चेक वितरण किया गया। मोनिका सिंह ने कहां कि जरूरतमंदों की मदद करना पहली प्राथमिकता है । चेक वितरण कार्यक्रम में बनारसी राजवाड़े,जय प्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, शिवदयाल सिंह, सुनील साहू, राधेश्याम शर्मा, सुखसाय बैगा, गणपत सिंह, सुरेश मरकाम, बंशीलाल शर्मा, हिंगबली पैकरा, अजय सिंह, नारायण विश्वकर्मा, तीरथ राजवाड़े, हीरा लाल राजवाड़े, सुशील सिंह, विजय सिंह, प्रमिला तिवारी, शशांक दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता व हितग्राही उपस्थित थे।

### रन फॉर आयुर्वेद में स्वस्थ आहार-विहार अपनाने दिलाई गई शपथ



**अम्बिकापुर।** आयुर्वेद दिवस पर मंगलवार को रन फॉर आयुर्वेद का आयोजन किया गया। महापौर मंजूषा भगत ने हरी झंडी दिखाकर गांधी स्टेडियम से दौड़ का शुभारंभ कराया। घड़ी चौक तक दौड़ लगाने के बाद प्रतिभागी वापस स्टेडियम पहुंचे जहां दौड़ का समापन किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा इम्युनिटी बूस्टर काढ़ा वितरित किया गया। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि लोगों का आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ा है आयुर्वेद हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति है जिसका हम रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग कर रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ.शशिबाला जायसवाल ने स्वस्थ जीवन के लिए ऋतुचर्या अनुसार आहार-विहार करने की जानकारी दी साथ ही विभाग द्वारा संचालित योगाभ्यास, लाइफस्टाइल सुप्रजा, मस्कुलर डिसऑर्डर, ऑस्टियोआर्थराईटिस, सियान जतन कार्यक्रम के बारे में लोगों को अवगत कराया। डॉ.संध्या पाण्डेय ने आयुर्वेद दिवस के महत्व एवं ऋतु परिवर्तन की सावधानियों को विस्तार से बताया। महापौर ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ आहार-विहार की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.पवन गुप्ता ने किया इस दौरान डॉ.डीके जायसवाल, डॉ.विनोद सिंह पैकरा, डॉ.नम्रता सिंह, डॉ.दीपा साहू, डॉ.भारती परिहार, डॉ.शहनाज परवीन, डॉ.प्रीति कौशल, डॉ.शहनाज परवीन, डॉ.ज्योति मिश्रा, डॉ.अनिस अहमद मंसूरी, डॉ.ख्वाजा फखरूद्दीन, डॉ.अतुल मरकाम, डॉ.आरके मिश्रा, डॉ.मयंक शर्मा, डॉ.बीपी मिश्रा, डॉ.सुनील मंदिलवार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### एकलव्य आवासीय विद्यालय भवन निर्माण की जांच शुरू

**प्रतापपुर।** 38 करोड़ की लागत से प्रतापपुर में बन रही एकलव्य आवासीय विधालय भवन निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करने के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने इसके लिए टीम का गठन किया है।

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आई बल्कि भवन निर्माण में बरती जा रही अनियमितता की जांच करने जांच टीम गठित की है। जांच टीम को सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करना है। 38 करोड़ की लागत से प्रतापपुर में बन रहे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री उपयोग की शिकायतों पर अब आधिकारिक जांच शुरू कर दी गई है। कलेक्टरने ब्लॉक स्तरीय ईएमआरएस निर्माण प्रबंधन समिति को निर्देशित किया है कि वह समिति के सदस्यों के साथ मिलकर स्थल निरीक्षण करे और निर्माण कार्य से जुड़ी शिकायतों की विस्तृत जांच रिपोर्ट 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे।

### एक कमरे में भेड़-बकरियों की तरह बैठते हैं पांच कक्षाओं के बच्चे

# एक शिक्षक के भरोसे कुबेरपुर के 121 बच्चों का भविष्य, शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण बेअसर



जर्जर स्कूल भवन।



प्रायमरी के सभी बच्चों को एक साथ पढ़ाती शिक्षिका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत कुबेरपुर के प्राथमिक शाला में अध्ययनरत 121 बच्चों का भविष्य वर्षों से एकमात्र शिक्षिका गढ़ रही है। ग्रामीणों ने कइ्र बार स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की लेकिन विभाग पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित करने के बावजूद विभाग द्वारा स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना नहीं की गई है।

**खास बात**

- जर्जर शाला भवन हुआ खतरनाक, पानी की भी नहीं व्यवस्था

शालाओं की स्थिति में सुधार करने के साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता को उत्कृष्ठ बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार लगातार नई-नई योजनाएं संचालित कर रही है। हाल ही में स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों में समानता लाने के उद्देश्य से युक्तियुक्तकरण कर बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना की गई। इसके पूर्व राज्य शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत जर्जर शालाओं की मरम्मत एवं नवीनीकरण किया गया। यह जानकर हैरानी होगी कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासन की दोनों ही योजनाएं ग्राम पंचायत कुबेरपुर तक नहीं पहुंची। कुबेरपुर प्राथमिक शाला में 121 बच्चे दर्ज है तथा एकमात्र शिक्षिका ममता लकड़ा एक साथ प्राथमिक शाला के पांच कक्षाओं के बच्चोंं वर्षों से पढ़ा रही हैं। युक्तियुक्तकरण के तहत विभाग ने प्रतापपुर एवं रामानुजनगर के दो शिक्षकों को पदस्थ किया था लेकिन शिक्षक ज्वाइनिंग देने भी नहीं पहुंचे। विभाग दोनों शिक्षकों को निकट के शालाओं में पदस्थ कर कुबेरपुर प्राथमिक शाला का युक्तियुक्तकरण करना भूल गया। एकमात्र शिक्षिका के विभागीय बैठकों में शामिल होने पर स्कूल बंद हो जाता है तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग अनेकों बार की लेकिन कोई पहल नहीं हुई। पंचायत ने भी प्रस्ताव पारित कर बीईओ से अतिरिक्त शिक्षक पदस्थ करने की मांग की लेकिन हालत नहीं बदली। इस संबंध में कुबेरपुर के सरपंच सूरजलाल सिंह ने बताया कि स्कूल में एकमात्र शिक्षिका पदस्थ होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। इस संबंध में कई बार बीईओ को अवगत कराया गया लेकिन स्थिति सुधारने की कोई पहल नहीं हो सकी है।

**छत से टपकता है पानी**

बरसात के दिनों में स्कूल की छत से पानी टपकता है मरम्मत के अभाव में स्कूल भवन की दीवारें जर्जर हो गई हैं तथा दीवारों में जगह-जगह दरारें आ गई हैं। खतरे को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष के एक कमरे में शाला का संचालन किया जा रहा है। अतिरिक्त कक्ष में एक साथ कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे कठिन परिस्थितियों में बैठकर पढ़ाई करते हैं। शिक्षिका एक साथ सभी कक्षाओं के बच्चों को पढाती हैं।

**नहीं है पेयजल की व्यवस्था**

विद्युत विस्तार के अभाव में बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने क्रेडा द्वारा शाला परिसर में सोलर पंप लगाया गया था जो पिछले दो वर्ष से बंद है। शिक्षिका ने क्रेडा के अधिकारियों से अनेकों बार इसकी शिकायत की लेकिन अधिकारियों ने पंप सुधारने की पहल नहीं की। स्कूल में पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। मध्यान्ह भोजन के बाद स्कूल के बच्चे अपने थानी की सफाई करने गांव में स्थित हैण्डपंप तक जाते हैं।

**बीईओ से लेता हूं जानकारी**

मुझे कुबेरपुर शाला की स्थिति की जानकारी नहीं है। हाल ही में मैंने प्रभार ग्रहण किया है। वर्तमान में संलग्निकरण की व्यवस्था नहीं है। मैं बीईओ से शाला की जानकारी लेता हूं।

-अजय कुमार मिश्रा
डीईओ, सूरजपुर



## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर आत्मचिंतन और समाज जागरण का लेंगे संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है, इस अवसर पर बिश्रामपुर में बुधवार आयोजित एक प्रेस वार्ता में खंड संघचालक कुलवंत सिंह, सूरजपुर जिले के सहकार्यवाह विजय शर्मा और जिला जागरण पत्रिका प्रमुख सुशांत मंडल उपस्थित रहे,प्रेस वार्ता में संघ के सुरजपुर जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा ने कहा कि हमारे शताब्दी वर्ष का मकसद उत्सव नहीं,बल्कि राष्ट्र के लिए आत्मचिंतन और समाज की सेवा में खुद को और अधिक समर्पित करना है।

पूरे वर्षभर का कार्यक्रम संघ कार्य के विस्तार,गुणवत्ता और संगठनात्मक सुदृढ़ता पर केंद्रित रहेगा, श्री शर्मा ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पथ संचलन के रूप में किया जाएगा,इस दौरान गणवेशधारी स्वयंसेवकों के मंडल और बस्ती स्तर पर विशेष आयोजन होंगे,विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि संघ का उद्देश्य सिर्फ जश्न नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए पुनः समर्पित होना है,उन्होंने प्रेस वार्ता में शताब्दी वर्ष की पूरी रूपरेखा विस्तार से बताते हुए कहा कि 1 नवंबर से दृष्ट संपर्क अभियान चलाया जाएगा,जिसमें हर गांव,हर बस्ती,घर-घर संघ साहित्य और करपत्रक वितरित किए जाएंगे।स्थानीय इकाईयां संपर्क अभियान के जरिए संगठन का दायरा बढ़ाएंगी।1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक हिंदू सम्मेलन किया जाएगा,जिसमें सभी मंडलों व बस्तियों में सम्मेलन होंगे,यहां पर एकता,सद्भाव और पंच परिवर्तन में समाज की साझेदारी का संदेश दिया जाएगा,1 से 31 जनवरी तक युवा सम्मेलन किया जाएगा जिसमें युवाओं के लिए राष्ट्र निर्माण और सेवा गतिविधियों पर केंद्रित कार्यक्रम व युवाओं को पंच परिवर्तन और सामाजिक नेतृत्व की दिशा में प्रेरित किया जाएगा,1 से 28 फरवरी तक सामाजिक सद्भाव बैठकें की जाएंगी,जिसमें सूरजपुर जिले के 10 स्थानों पर बैठकें होंगी,इसमें छुआछूत और अस्पृश्यता के पूर्ण बहिष्कार का संकल्प लिया जाएगा। पूरे मार्च महीने भर जन गोष्ठियां कराई जाएंगी,जिसमें जिला केंद्र पर सज्जन शक्तियों के बीच संवाद,राष्ट्रीय मुद्दों पर सही विमर्श स्थापित करना और भ्रांतियों को दूर करना लक्ष्य रहेगा।उन्होंने कहा कि शाखाओं के माध्यम से हिन्दू समाज को संगठित करने के प्रयासों पर विशेष बल दिया जा रहा है,संघ का केंद्रीय लक्ष्य हिंदू समाज का पुनर्जागरण और संगठन है।उन्होंने कहा कि यह पूरा कार्यक्रम सुरजपुर जिले के 549 ग्रामों, 57 मंडलों, 63 स्थानों पर किए जाएंगे।

## जीएसटी में कमी से जनता को सीधी राहत : लक्ष्मी राजवाड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के विभिन्न दुकानों का भ्रमण कर ग्राहकों से सीधे संवाद किया। उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर सीएसटी में कमी से आम लोगों को मिलने वाले प्रत्यक्ष लाभ की जानकारी दी और कहा कि यह कदम लोगों की आर्थिक बोझ को कम करने के लिए उठाया गया है।

- कैबिनेट मंत्री ने की दुकानों में ग्राहको से सीधी बातचीत

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर जीएसटी में भारी कमी की है। जीएसटी में कमी से लोगों की रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुएं अब और भी किफायती हो गई हैं। यह पहल गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। ग्राहकों ने भी मंत्री से बातचीत करते हुए अपनी संतुष्टि जाहिर की। एक ग्राहक ने कहा कि अब बाजार में सामान की कीमतें पहले से कम हैं, जिससे परिवार की ज़रूरतें पूरी करने में सहूलियत हो रही है। वहीं छोटे व्यापारियों ने भी बताया कि इससे ग्राहकों का रुझान बढ़ा है और बिक्री में सकारात्मक असर देखी जा रही है। जागरूकता अभियान के तहत दुकानों में विशेष स्टीकर लगाए गए, ताकि आम लोग जीएसटी में कमी से मिलने वाले फायदों से अवगत हो सकें। मंत्री ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि वे भी अपने आस-पास के लोगों को इसके बारे में जानकारी दें, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इस दौरान विधायक भुलन सिंह मरावी व अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे।

### अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को मिल रहा बैंकिंग व अन्य सेवाओं का लाभ

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों को बैंकिंग सहित सभी सीएससी सेवाएं पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें। उक्त बाते जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित करने के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कही। बैठक में जिले के सभी सरपंचों एवं सीएससी द्वारा अधिकृत वीएलई उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा की गई कि अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाएं, बिजली बिल भुगतान, पेंशन व बीमा योजनाएं, आधार व अन्य शासकीय योजनाओं की सेवाएं सीधे पंचायत स्तर पर उपलब्ध होंगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि यह केंद्र ग्रामीणों की समय और संसाधन की बचत के साथ-साथ उन्हें डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सरपंचों और वीएलई से कहा कि वे पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाएं। बैठक में विधायक भुलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकर सहितजनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## सिलफिली उद्यानिकी कालेज को आबंटित जमीन की सीमांकन प्रक्रिया पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक, मामला अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिलफिली की स्थापना को लेकर आज बुधवार को प्रस्तावित सीमांकन कार्य पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश प्राप्त होने के बाद रोक लगा दी गई साथ ही मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में मदनपुर में प्रभावित लोगों के साथ बैठक कर आपसी तालमेल मिलाकर निराकरण करने का प्रयास किया गया।

- मंत्री प्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर आपसी सहमति से मामले का निराकरण करने का दिया सुझाव, प्रभावित ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

गौरतलब है कि राज्य शासन ने 4 जुलाई 2025 को जारी आदेश में ग्राम पंचायत मदनपुर की 13.89 हेक्टेयर और करवां की 18 हेक्टेयर भूमि उद्यानिकी महाविद्यालय के नाम हस्तांतरित की है,कलेक्टर सूरजपुर ने उक्त भूमि का सीमांकन कर भौतिक अधिपत्य सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है,इसी तारतम्य में बुधवार को ग्राम पंचायत मदनपुर में जिस भूमि का चिन्हांकन उद्यानिकी महाविद्यालय निर्माण कार्य हेतु किया गया है, उसका सीमांकन कार्य पूर्ण किए जाने की पहल लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा द्वारा की गई थी।



यहां पर लटोरी तहसीलदार द्वारा करीब 34 लोगों को सप्ताह भर पूर्व ही नोटिस भी जारी किया गया था, बुधवार को प्रभावित लोगों के विरोध व छह लोगों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में दायर रिट याचिका पर जारी हुए स्थगन आदेश की वजह से फिलहाल सीमांकन प्रक्रिया पर पूर्णतः रोक लग गई है,ग्रामीणों ने बताया कि मामले में लोगों की नाराजगी के मद्देनजर मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर उनकी बातों को सुना,साथ ही आश्वासन दिया कि घरों व आंगन को छोड़कर अन्य रिक्त पड़े शासकीय भूमि का अधिग्रहण प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी,ग्रामीणों द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए किसी भी समझाईश को मानने से इंकार कर दिया गया है,ऐसी स्थिति में अब सिलफिली उद्यानिकी महाविद्यालय के भूमि सीमांकन प्रक्रिया फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है,लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने बताया कि कुछ प्रभावित लोगों द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर से स्थगन आदेश जारी कराए जाने की वजह से बुधवार को सीमांकन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है।

## आत्मा योजनांतर्गत महिलाओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**मानीचौक।** रजत महोत्सव के अवसर ब्लाक के विभिन्न पंचायत के महिला कृषकों को आत्मा योजना शाखा प्रभारी के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र अजिरमा का भ्रमण कराया गया जिसमे ग्राम पोड़ी, बसदेई, लाछा, नयनपुर, चंपक नगर के महिला कृषकों को प्रशिक्षण देकर खेती प्रति जागरूक कराया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बसदेई, पोडी, लाछा, नयनपुर व चंपक नगर से महिला कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र अजिरमा का भ्रमण कराया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वीरेंद्र चौहान द्वारा महिला कृषकों को कृषि की नई तकनीक की जानकारी देने के साथ कृषि कार्य करके आय बढ़ाने के संबंध में बताया गया। इस दौरान उपसंचालक कृषि के आत्मा शाखा प्रभारी अभय कुमार भोझा, ब्लाक के आत्मा शाखा प्रभारी कुमार बिन्दुमति पैकरा एवं कृषक मित्र बघोलन राम, धनीराम, उमाकांत, सहित अन्य कृषक मित्र उपस्थित रहे।



### कोल इंडिया केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही

## दुर्गा पूजा सालाना बोनस विवाद पर श्रमिक यूनियनों का विरोध-प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** उच्च न्यायालय कोलकाता द्वारा कोल कर्मियों के सालाना दुर्गा पूजा बोनस के मुद्दे पर बुलाई गई मानकीकरण समिति की बैठक स्थगित कर देने के बाद से एटक और सीटू यूनियन के नेतृत्व में खदानों में विरोध की लहर तेज हो गई है,बुधवार को बिश्रामपुर क्षेत्र की सभी खदानों में श्रमिकों ने गेट मीटिंग कर प्रदर्शन किया और सभी कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों को 1 लाख रुपए अग्रिम बोनस देने की मांग की गई।



एसकेएमएस एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने जानकारी देते हुए कहा कि कोल इंडिया केंद्र सरकार के दबाव में काम कर रही है, उच्च न्यायालय की सिंगल बेंच ने इंटक यूनियन को बोनस पर होने वाली बैठक में शामिल करने का आदेश दिया था,लेकिन इस फैसले के खिलाफ कोल इंडिया ने डबल बेंच में अपील की,इसके चलते बैठक पर रोक लग गई, श्री गर्ग का आरोप है कि यह रोक वास्तव में केंद्र और कोल इंडिया की साजिश है,जिससे लाखों श्रमिकों का बोनस अटक गया है,उन्होंने कहा कि कोल इंडिया के इस कदम से न सिर्फ नियमित कर्मचारियों बल्कि ठेका श्रमिकों की भी मेहनत पर ग्रहण लग गया है,करीब सवा दो लाख कोल कर्मचारी और ठेका मजदूर इस फैसले से प्रभावित हुए हैं,त्यौहारों के मौसम में बोनस उनकी बुनियादी जरूरत है और इसे रोका जाना किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,गेट मीटिंग में श्रमिकों ने साफ चेतावनी दी कि यदि तत्काल एडवांस बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन में और तेजी आएगी।

न्यायालय तहसीलदार सोनहत
जिला कोरिया ( छ.ग. )
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. ग्राम–भैंसवार
आवेदक नरेश कुमार आ. कुमार साय उम्र 26 वर्ष जाति चेरवा निवासी ग्राम भैंसवार के द्वारा ग्राम भैंसवार में अपने दादी सुन्दरिया पति शिवरतन के मृत्यु दिनांक 25.5.2007 में हुआ है, जिसका जन्म/मृत्यु पंजीयन शासकीय/अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत भैंसवार तह. सोनहत में नहीं कराये जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सहित इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त जन्म पंजीयन के संबंध में जिस किसी को कोई पक्षकार का आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति तथा दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनॉक 17/10/2025 के पश्चात् प्राप्त आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनॉक 24/9/2025 को मेरे न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
सोनहत जिला कोरिया ( छ.ग. )

**न्यायालय तहसीलदार सोनहत जिला कोरिया (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./ब–121/2022–23
ग्राम मधला
आवेदक/आवेदिका अनिल कुमार आ. बालकृष्णा जाति कुम्हार निवासी ग्राम के द्वारा ग्राम मधला में अपने माता भगवनती जिसका मृत्यु/जन्म दिनांक 10/03/2002 में हुआ है, जिसका जन्म/मृत्यु पंजीयन शासकीय / अर्द्धशासकीय ग्राम पंचायत में नहीं कराये जाने के कारण आवेदन पत्र मय पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण–पत्र एवं वैध दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त जन्म/मृत्यु के पंजीयन प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 08/10/25 तक स्वयं अथवा अपने मान्य किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत न करने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
अतः आज दिनांक 23/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
**नायब तहसीलदार**
**सोनहत जिला कोरिया (छ.ग.)**

आम सूचना
**समक्ष : श्रीमान नोटरी महोदय, बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.**
// शपथ–पत्र //
मैं पुनीपा पति स्व. ओमप्रकाश जाति पनिका उम्र 36 वर्ष निवासी सरडी थाना चरचा व तह. बैकुन्ठपुर जिला कोरिया छ.ग. की हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूं:- 01. यह कि मेरे पति स्व. ओमप्रकाश पिता रामचरन का भारतीय स्टेट बैंक चरचा में एक बचत खाता नं. 11428719531 हैं, जिसमें मेरे पति अपने जीवनकाल में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पी एम जे जे बी वाई करवाये थे, परन्तु मेरे पति का मृत्यू दिनांक 20/06/2024 को हो गया है। 02. यह कि मेरे पति स्व. ओमप्रकाश की उक्त बचत खाता में नामनी के रूप में एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के बीमा में एवं नामनी में मेरा नाम सुनिता दर्ज और मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम पूर्व पुनीपा दर्ज है तथा इस प्रकार सुनिता एवं पुनीपा दोनों नाम मेरा ही नाम है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है किसी दूसरे व्यक्ति का नहीं है। मैं दोनों नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं। 03 यह कि मेरे पति स्व. ओमप्रकाश के द्वारा की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा की राशि को प्राप्त करना चाहती हूं। तथा मैं स्व. ओमप्रकाश के एक मात्र वैद्य विवाहिता पत्नी एवं उत्तराधिकारी हूं मुझे प्रदान करने की कृपा हो।
शपथकर्ता
// सत्यापन //
मैं पुनीपा पति स्व. ओमप्रकाश यह सत्यापन करती हूं कि उक्त शपथ पत्र में दर्शित कंडिका क्रं. 01 से लगायत 03 तक का कथन मेरे निजी के ज्ञान से सही व सत्य है।
आज दिनांक 20/08/2025 को स्थान बैकुन्ठपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।
शपथकर्ता



# रिलेशनशिप नहीं जमा तो नहीं जमा, पर एक दिन मेरे बच्चे होंगे

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना का टॉक शो टू मच 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर होगा। शो के पहले मेहमान कोई और नहीं बल्कि इंडस्ट्री के दो सुपरस्टार-आमिर खान और सलमान खान होंगे। शो में आमिर खान और सलमान खान अपने जीवन के तमाम पहलुओं के बारे में मजेदार ढंग से बात करेंगे। इस दौरान आमिर खान सलमान से उनकी रिलेशनशिप पर सवाल करते नजर आ सकते हैं। सलमान अपनी रिलेशनशिप्स के बारे में कहते हैं, यार नहीं जमा तो नहीं जमा। अगर इसका दोष किसी को जाता है, तो केवल मुझे जाता है। सलमान खान ने बातचीत के दौरान बच्चे लेने की भी इच्छा चाहिर की। उन्होंने कहा- बच्चे, एक दिन मेरे होंगे, जल्द ही।

## लाइफ Style



# अमृता

## पतली होने पर उड़ाया जाता था मजाक

अभिनेत्री अमृता राव ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में होने वाली पॉलिटिक्स पर बात की। साथ ही उन्होंने उन्हें लेकर की गई बॉडी शेमिंग को भी याद किया। अमृता राव हाल ही में अक्षय कुमार-अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आईं हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमृता ने साल 2003 में शाहिद कपूर के साथ फिल्म इश्क विश्क से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और अमृता रातोंरात स्टार बन गई थीं। हालांकि, अब अमृता ने बताया कि पहली फिल्म हिट होने के बाद वो इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स का शिकार हुईं। अभिनेत्री ने एक किस्से को याद करते हुए बताया कि जब मैंने इंडस्ट्री में कदम रखा था, तो मुझे बहुत पतली होने के लिए डांटा जाता था। अमृता ने अपनी मौसी की सलाह याद की कि जब वह पतली थीं तो उनका मजाक उड़ाया जाता था, लेकिन जब उनका वजन बढ़ा, तो उसके लिए भी उनका मजाक उड़ाया गया। जब उनका वजन आदर्श था, तब किसी ने उनकी तारीफ नहीं की। क्योंकि, कवर बिल्कुल भी ऐसा नहीं दिखना चाहिए था। ऐसी चीजें पहले भी हो चुकी हैं। इसके अलावा भी बहुत सी ऐसी चीजें होंगी, जिनके बारे में मुझे पता भी नहीं होगा। अमृता ने कहा कि पहले मुझे बहुत बुरा लगता था। मैं पूछती थी कि मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है। लेकिन अब मैं कह सकती हूं कि राजनीति हर जगह है। स्कूलों में, कॉलेजों में, यहां तक कि आपकी सोसाइटी की बैठकों में भी। इसलिए आपको खुद को राजनीति से निपटने के लिए तैयार करना होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# 17 की उम्र में शुरू किया था कॅरियर

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज इटालियन एक्ट्रेस क्लाउडिया कार्डिनले का निधन हो गया है। 100 से अधिक फिल्मों और शोज में काम कर चुकीं एक्ट्रेस ने मंगलवार को 87 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। क्लाउडिया 1960 और 1970 के दशक की सबसे मशहूर यूरोपियन एक्ट्रेस रही हैं। उन्हें 1963 में फेडेरिको फेलिनी की फिल्म '8½' से पॉपुलैरिटी मिली थी, जिसमें उनके साथ मार्सेलो मास्ट्रोयानी लीड रोल में थे। 17 की उम्र में कॅरियर शुरू किया था। क्लाउडिया ने अपना एक्टिंग, इससे पहले वह एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट की विनर भी रही थीं।



# अब डेमन स्लेयर के अगले पार्ट का इंतजार

**लॉस एंजिल्स।** जापानी फिल्म 'डेमन स्लेयरः किमेत्सु नो याइबा - इन्फिनिटी कैसल' को लोगों ने काफी पसंद किया। फिल्म ने भारत में भी अच्छी कमाई की। अब फैंस इस फिल्म के अगले पार्ट्स का भी इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि फैंस का ये इंतजार लंबा होने वाला है। क्योंकि निर्माता कंपनी क्रंचरोल की ओर से आगामी पार्ट्स को लेकर कहा है कि फैंस को अभी इंतजार करना पड़ेगा। क्रंचरोल के सीईओ राहुल पुरीनी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में इन्फिनिटी कैसल फिल्मों के भविष्य पर बात की। क्रंचरोल ने खुलासा किया कि इस बहुप्रतीक्षित ट्रायोलॉजी के दूसरे और तीसरे भाग की रिलीज की तारीखें अभी भी तय नहीं हुई हैं।



# सिनेमाघरों में कल रिलीज होगी होमबाउंड

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'सनी कुमारी की तुलसी कुमारी' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं। बुधवार को जान्हवी को एयरपोर्ट पर किसी खास का इंतजार करते देखा गया। जान्हवी कपूर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में 'होमबाउंड' की खास स्क्रीनिंग हुई, जिसमें जान्हवी अपनी दिवंगत मां और एक्ट्रेस श्रीदेवी की नेवी ब्लू रंग की साड़ी पहने नजर आईं। श्रीदेवी ने यह साड़ी अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी के रिसेप्शन पर पहनी थी। जान्हवी की 'होमबाउंड' 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले सोमवार को मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग में कई सितारों ने शिरकत की।



# 'थामा' में दिखेगी खूनी प्रेम कहानी

**मुंबई।** थामा मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या और स्त्री 2 आ चुकी हैं। इन सभी को फिल्मों को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब थामा को मेकर्स इस यूनिवर्स की एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। इसमें वैम्पायर्स की लव स्टोरी देखने को मिलेगी। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित थामा इस साल दिवाली पर रिलीज होनी है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है। इस फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेकर्स ने बुधवार को थामा से जुड़े तीन पोस्टर और पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक में स्त्री नजर आ रही है और उस पर लिखा है, 'ओ स्त्री परसों आना।'

## टीवी मसाला



# बिग बी ने पाकिस्तान पर कसा तंज केबीसी 17 में छूट गई सबकी हंसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन जितने दमदार एक्टर हैं, असल जिंदगी में उतने ही मस्तीखोर। 'कौन बनेगा करोड़पति' में हम सभी ने कई मौकों पर देखा है, जब वह अपने धीर-गंभीर अंदाज में अक्सर ऐसी बातें कह जाते हैं कि सबकी हंसी छूट जाती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। केबीसी 17 के ताजा एपिसोड में सामने गुजरात से आई कंटेस्टेंट उर्मिला जेवलिया थीं, जिनसे बात करते-करते बिग बी ने पाकिस्तान पर करारा तंज कसा। उन्होंने गाहे-बगाहे एशिया कप में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की लगातार दो हार पर मजेदार अंदाज में चुटकी ली। बस फिर क्या, केबीसी के सेट पर हर कोई ठहाके लगाने को मजबूर हो गया। दरअसल, शो में उर्मिला जेवलिया अपने बचपन का किस्सा सुना रही थीं। उन्होंने बताया कि जब वह छोटी थीं, तब उन्होंने अमिताभ बच्चन के लिए घर की टीवी तोड़ दी थी। छोटी उर्मिला को लगता था कि केबीसी वाले बिग बी टीवी के अंदर ही बैठते हैं। इसलिए वह इसे तोड़कर उनसे मिल पाएंगी। कंटेस्टेंट के इस खुलासे पर जहां अमिताभ दंग हो गए, वहीं उन्होंने इसी बहाने पाकिस्तान को भी निशाने पर ले लिया। माहौल को हल्का बनाते हुए मेगास्टार ने मजाक में कहा, 'एक बात बोलूं, प्लीज बाहर मत बोलिएगा... भारत-पाकिस्तान का जब खेल होता है न तो पाकिस्तान वाले तोड़ देते हैं अपना टीवी, सही बोल रहे हैं कि नहीं।' उनके इस मजाक पर हर किसी की हंसी छूट गई। सोशल मीडिया पर फैंस ने कहा कि बिग बी ने बातों-बातों में पड़ोसी मुल्क को क्रिकेट में मिल रही हार पर मजमा लूट लिया।


## कुनिका, फरहाना और अशनूर में छिड़ी जंग

**नई दिल्ली।** टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इस वक्त पीक पर चल रहा है। आए दिन बड़े बड़े झगड़े देखने को मिल रहे हैं। अब बिग बॉस 19 का लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है, जहां एक बार फिर फरहाना और अशनूर कौर के बीच तगड़ी लड़ाई होने वाली है। शो के नए प्रोमो ने फैंस का भी एक्साइटमेंट लेवल बढ़ा दिया है। नया प्रोमो में बिग बॉस नए राशन टास्क के बारे में बता रहे हैं। टास्क के लिए टीम को दो हिस्सों में बांट दिया गया है, जिसमें एक टीम की ड्रोन अशनूर कौर बनी हैं, जबकि दूसरी टीम की ड्रोन फरहाना भट्ट बनी हैं। अशनूर अपनी टीम के लिए राशन इकट्ठा कर रही हैं, लेकिन फरहाना बशीर के साथ मिलकर दूसरी टीम का राशन चुरा रही हैं। जिस टीम के पास जितना राशन बचेगा, उन्हें उसी राशन से काम चलाना होगा। इस बात पर कुनिका अशनूर पर भड़क जाती हैं कि घी तो है ही नहीं, जबकि गौरव कहता है कि कम से कम चावल तो बचा लेते।



# 50 साल बाद लौटेगी शोले की असली कहानी ठाकुर के हाथों होगा गब्बर का अंत

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे आइकॉनिक फिल्म शोले (1975) एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार वजह है इसका वो अंत जिसे दर्शकों ने कभी बड़े पर्दे पर नहीं देखा। दरअसल, जब निर्देशक रमेश सिप्पी ने फिल्म बनाई थी, तब उन्होंने चाहा था कि गब्बर सिंह (अमजद खान) को उसके अपराधों की सजा ठाकुर बलदेव सिंह (संजय कुमार) के हाथों मिले। लेकिन, उस दौर के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दबाव डालकर अंत बदलवाया और गब्बर को पुलिस के हवाले कर दिया गया। अब 50 साल बाद दर्शकों को फिल्म का वो असली और पहले से शूट किया गया क्लाइमैक्स देखने का मौका मिलेगा। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ सिडनी ने घोषणा की है कि इस साल का उनका सेंटरपीस फिल्म शोले का 4के रीस्टोर्ड वर्जन होगा। यह फेस्टिवल 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होगा और इसमें वही अंत दिखाया जाएगा,*




*जिसमें ठाकुर अपने परिवार का बदला लेकर गब्बर का अंत कर देता है। इस अनोखे प्रोजेक्ट को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने संभव बनाया है। शोले अब अपनी मूल 70एमएम भव्यता में दर्शकों के सामने आएगी, जो सिनेमाई इतिहास का एक अनमोल अनुभव होगा। रीस्टोरेशन की प्रक्रिया में लंदन से दुर्लभ कलर रिवर्सल प्रिंट ढूंढा गया और मुंबई के एक गोदाम से कैमरा निगेटिव्स और लंबे समय से खोए हुए डिलीटेड सीन्स बरामद किए गए।*

# इन सितारों ने अदा की जज की भूमिका, एक ने तो 300 फिल्मों में किया यही किरदार

**नई दिल्ली।** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में वकील के रूप में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अभिनय की खूब तारीफ हो रही है। वहीं, फिल्म में जज के किरदार में सौरभ शुक्ला नजर आए हैं और उनके अभिनय को भी दर्शक दाद दे रहे हैं। इस फ्रेंचाईजी की पिछली दोनों फिल्मों में भी सौरभ ने ही जज की भूमिका से कमाल किया। उनसे पहले भी कई चर्चित सितारे परदे पर जज बन चुके हैं। एक अभिनेता ने तो करीब 300 बार यह भूमिका निभाई।

**डीके सप्रू** : एक्टर डी के सप्रू ने साल 1947 में अपने कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने तीन दशक से भी ज्यादा समय तक कैरेक्टर एक्टर के रूप में काम किया। उन्होंने साहिब बीवी और गुलाम, हीर रांझा, पाकीजा, शाहिद'और लीडर जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने फूल और पत्थर दुनिया, प्रेम पुजारी और हलचल जैसी फिल्मों में जज की भूमिकाएं निभाईं। उनके बेटे तेज सप्रू भी कलाकार हैं।

**जगदीश सेठी** : जगदीश सेठी ने अपने कॅरियर की शुरुआत साल 1931 में भारत की पहली साउंड फिल्म से की थी, जिसका नाम था 'आलम आरा'। जगदीश फिल्म में जज के रूप में भी नजर आ चुके हैं। उन्होंने सुनील दत्त और साधना अभिनीत कोर्टरूम ड्रामा मेरा साया में जज की भूमिका निभाई थी।



**पृथ्वीराज कपूर** : दिवंगत अभिनेता पृथ्वीराज कपूर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। लोकप्रिय फिल्म मुगल-ए-आजम में बादशाह अकबर की भूमिका के लिए उन्हें जाना जाता है। पृथ्वीराज कपूर ने अपने बेटे राज कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म आवारा में जज की भूमिका निभाई थी। दरअसल, आवारा में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां देखी गईं। क्लाइमेक्स में, जब पृथ्वीराज कपूर को गवाह के तौर पर देखा गया। उनके पिता दीवान बशेश्वरनाथ कपूर जज की भूमिका में दिखाई दिए।

**हामिद अली मुराद** : हामिद अली मुराद, जो मुराद के नाम से इंडस्ट्री में मशहूर रहे। उनका जन्म साल 1911 में उत्तर प्रदेश के रामपुर में हुआ। वे फिल्मों में सहायक किरदार निभाने के लिए मशहूर थे। यूं तो मुराद ने पर्दे पर कई भूमिकाएं निभाईं, मगर जज का रोल उन्होंने दस या बीस बार नहीं, बल्कि करीब 300 फिल्मों में अदा किया। 1940 से कॅरियर शुरू करने वाले मुराद ने 1990 तक करीब 500 फिल्मों में काम किया। इनमें से करीब 300 फिल्मों में वे जज के रोल में नजर आए। बता दें कि मुराद के बेटे रजा मुराद इंडस्ट्री में सक्रिय हैं और विलेन का किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं।

## ये फिल्में मनोरंजक क्लाइमैक्स तक रखती हैं बांधे

# जासूसी पर बेस्ड 7 बेस्ट मूवीज, हर सीन में मिलेगा डबल ट्विस्ट

*नई दिल्ली। वैसे तो अब तक जासूसी पर कई फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन आज हम आपको 7 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें अब तक की सबसे बेहतरीन जासूसी फिल्में माना जाता है। इन फिल्मों के हर सीन में आपको डबल ट्विस्ट देखने को मिलेंगे और तो और, ये फिल्में इतनी मनोरंजक हैं कि आपको क्लाइमैक्स तक बांधे रखेंगी।*



**एजेंट साईं श्रीनिवास अथरेया (2019)** : यह एक तेलुगु भाषा की ब्लैक कॉमेडी मिस्ट्री फिल्म है, जिसका निर्देशन स्वरूप आरएसजे ने किया है, जिन्होंने नवीन पोलीशेट्टी के साथ मिलकर इस फिल्म का लेखन भी किया है।फिल्म में पोलीशेट्टी मुख्य किरदार में हैं और उनके साथ श्रुति शर्मा भी हैं। यह नेल्लोर के एक जासूस की कहानी है, जिसकी जान उस समय खतरे में पड़ जाती है जब वह एक रेलवे ट्रैक के पास छोड़े गए एक शव के मामले की जांच शुरू करता है।

**मनोरमा सिक्स फीट अंडर (2007)** : यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन नवदीप सिंह ने किया है। फिल्म में अभय देओल, राइमा सेन और गुल पनाग मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 21 सितंबर 2007 को रिलीज हुई थी। यह राजस्थान के एक छोटे से कस्बे में रहने वाले एक शौकिया जासूस की कहानी है, जो खुद को झूठ, छल और हत्या के जाल में फंसा हुआ पाता है।

**थुप्पारिवालन (2017)** : यह एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन मिस्किन ने किया है और निर्माण विशाल ने किया है, जो प्रसन्ना के साथ मुख्य भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म में विनय राय, अनु इमैनुएल (अपनी तमिल पहली फिल्म में), एंड्रिया जेरेमिया और के. भाग्यराज सहायक भूमिकाओं में हैं। ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल की शर्लक होम्स कहानियों से प्रेरित, यह फिल्म एक निजी जासूस और उसके सहयोगी की कहानी है जो एक बच्चे के पालतू कुत्ते की मौत की जाँच करते हैं, जिससे उन्हें एक बड़ी साजिश का पता चलता है।

**डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी! (2015)** : यह एक ऐतिहासिक रहस्य थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है, जिन्होंने यशराज फिल्म्स और दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शंस के तहत आदित्य चोपड़ा के साथ सह-निर्माण किया था. काल्पनिक जासूस ब्योमकेश बख्शी पर आधारित इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत, आनंद तिवारी, नीरज काबी, स्वस्तिका मुखर्जी और मेयांग चांग मुख्य भूमिकाओं में थे।

**डिटेक्टिव उज्ज्वलन (2025)** : यह एक मलयालम भाषा की मिस्ट्री कॉमेडी फिल्म है, जिसका लेखन और निर्देशन इंद्रनील गोपीकृष्णन और राहुल जी ने किया है। फिल्म में ध्यान श्रीनिवासन, सिजू विल्सन और रोनी डेविड राज मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह वीकेंड ब्लॉकबस्टर्स बैनर तले सोफिया पॉल द्वारा निर्मित है और यह वीकेंड सिनेमैटिक यूनिवर्स की मिन्नल मुरली के बाद दूसरी फिल्म है।

**सम्राट एंड कंपनी (2014)** : यह एक जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन कौशिक घटक ने किया है और राजश्री प्रोडक्शंस के बैनर तले कविता के. बड़जात्या ने इसका निर्माण किया है। इसमें राजीव खंडेलवाल सम्राट की मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पहले 1 मई 2014 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे तय समय से पहले 25 अप्रैल 2014 को रिलीज कर दिया गया था।

**जोई बाबा फेलुनाथ (1979)** : यह एक बंगाली भाषा की रहस्य फिल्म है, जिसका निर्देशन और लेखन सत्यजीत रे ने किया था. सौमित्र चटर्जी, संतोष दत्ता, सिद्धार्थ चटर्जी, उत्पल दत्त जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म फेलुदा उपन्यास का रूपांतरण है और सोनार केल्ला का सीक्वल है।

## जगह-जगह विराजी जगत जननी मां दुर्गा...


आदर्श चौक पटना में विराजी मां दुर्गा।


बैकुण्ठपुर के कुड़ेली में विराजी मां दुर्गा।


मनेन्द्रगढ़ के ग्राम बेलबहरा में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत बेलिया में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत रजौली में विराजी मां दुर्गा।


सोनहत के कछार में विराजी मां दुर्गा।

## दोपहर बाद बदल रहा मौसम, धान की फसलों पर पड़ सकता है असर

# रुक-रुक कर गरज के साथ हो रही बारिश

*वर्तमान में हो रही बारिश धान की फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

**बैकुण्ठपुर।** बारिश की विदाई अभी नहीं हुई है, लेकिन विदाई की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में कोरिया जिले में गुरूवार को अपरान्ह के समय जिले के कई हिस्सों में जमकर आधे घंटे की झमाझम बारिश हुई और कई जगहों पर गरज चमक के साथ बारिश हुई।

25 सितंबर को दोपहर बार आचानक मौसम में बदलाव होने लगा और देखते हुए काले बादल तेजी से बरसना शुरू कर दिए और आधे घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। बारिश के चलते बाजार में अफरा तफरी हो गई और बारिश से बचने के लिए लोग इधर उधर होने लगे। करीब 3:30 बजे सोनहत क्षेत्र में बारिश हुई इस इसके बाद आधे घंटे से अधिक समय तक बारिश होती रही, इसके चलते कई विद्यालयों में बारिश के चलते बारिश छुटने के बाद बच्चों को विद्यालय से छुट्टी दी गई। वहीं अचानक हुई बारिश के कारण कुछ देर के लिए सड़कों पर भी आवागमन रूक गया। हालांकि थोड़ी देर के बाद बारिश रूक गई फिर आवागमन शुरू हो गया, इसके पूर्व बुधवार को भी जिले के सोनहत व अन्य क्षेत्रों में दोपहर के समय जमकर बारिश हुई थी, इसके पूर्व इसी दिन सुबह के समय में भी हल्की बारिश हुई थी। इस तरह जाते-जाते मानूसन भींगों रहा है।



### धान फसल को नुकसान

वर्तमान में हो रही बारिश धान की फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। अभी सभी क्षेत्रों में लगाए गए धान की फसलों में बालियां निकलनी शुरू हो गई है, ऐसे समय में तेज बारिश से धान के फूल को नुकसान पहुंच सकता है और काले पड़ जाएंगे, इसका असर धान के उत्पादन के साथ उसके क्वालिटी पर भी पड़ सकता है। इस वर्ष पर्याप्त बारिश होने के कारण जिले के सभी क्षेत्रों में अच्छी फसल की उम्मीद किसानों को है, लेकिन वर्तमान में हो रही तेज बारिश किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर सकता है।



## मेडिकल मैनिटीज विषय पर कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में गुरूवार को इमर्जिंग ट्रेंड इन सोशल साइंसेजः इंट्रोड्यूसिंग मेडिकल मैनिटीज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने किया।

कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य वक्ता डॉ. मंदिरा मिश्रा चक्रवर्ती रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि से हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर ने जिले में आत्महत्या और घरेलू हिंसा के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण और संवाद ही इसका समाधान है। उन्होंने छात्राओं से अपनी समस्याओं को छुपाने के बजाय परिवार, मित्र या शिक्षकों से साझा करने की अपील की। मुख्य वक्ता डॉ. मंदिरा मिश्रा ने अवसाद, कैंसर जैसी बीमारियों और उनके सामाजिक-साहित्यिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने रोगियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और संवाद के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रिचा चेलकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती कनकलता पैकरा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की लगभग 305 छात्राओं सहित प्राध्यापक व स्टाफ सदस्य काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## कॉलेज में रासेयो स्थापना दिवस मना

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्टीय सेवा योजना (एनएसएस) के महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा रासेयो का 57 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण ,कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं अनुरंजन कुजूर के संयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय (विभागाध्यक्ष हिंदी) और अध्यक्षता कर रहीं डॉ. प्रीति गुप्ता (विभागाध्यक्ष वाणिज्य) के हाथों मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात पूजा पंकज ने राजगीत प्रस्तुत किया। वहीं स्वयंसेवक पूजा, तनुप्रिया, नीलम चौधरी और सुशील यादव ने रासेयो लक्ष्य गीत गाया। कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति ने स्वागत उद्बोधन देते हुए रासेयो की स्थापना और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सत्र 2024-25 में नियमित एवं विशेष गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने वाले स्वयंसेवक तौफिक खान, शशि पोर्ते, सुशील यादव, पूजा पंकज, तनुप्रिया एवं रीना चैहान को उत्कृष्ट स्वयंसेवक प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रामयश पाल, श्रीमती कंचन जायसवाल, सपना जायसवाल, अर्चना द्विवेदी, कु. आंशी पाटले, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. सचिन सिंह, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. कुलदीप ओझा एवं संजय वर्मा उपस्थित रहे।



## स्वच्छ भारत मिशन थीम पर आईटीआई के विद्यार्थियों ने लगाई दौड़

अम्बिकापुर। स्वस्थ भारत मिशन अंतर्गत आईटीआई में मंगलवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ समाजसेवी एवं अग्रसेन गौशाला के अध्यक्ष करताराम गुप्ता तथा प्राचार्य सी.एस.पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित शारीरिक अभ्यास जरूरी है। उन्होंने युवाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य श्री पैंकरा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने और टीम भावना को मजबूत करने में सहायक होते हैं। महिला वर्ग में कुमारी अनायु ने प्रथम यशोदा द्वितीय तथा पुरूष वर्ग में संदीप प्रथम एवं आशीष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी ने स्वच्छ भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## साल्ही में गूंजा पोषण स्वच्छता का संदेश



**मनेन्द्रगढ़।** जिले की मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत साल्ही में सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर पोषण और स्वच्छता को लेकर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत साल्ही के सरपंच केवल सिंह मरकाम रहे, जबकि उप सरपंच दल प्रताप सिंह, पंच श्रीमती गंगा देवी एवं श्रीमती लीलावती सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती शिल्पा अग्रवाल ने पोषण माह के महत्व के साथ गर्भवती महिलाएं, शिशु, किशोरी बालिकाओं और बच्चों को अपने पोषण का ध्यान रखने के व्यावहारिक उपाय बताए।

## जिले में पहले दशहरे का आगाज डांड़गांव से तैयारियां जोरों पर

**डांड़गांव।** डांड़गांव क्षेत्र के डांडगोइया में दशहरा को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही है। जिले में दशहरा का आगाज डांडग़ांव के डांड़गोइहा में दसई करमा एवं दूसरे दिन ठाकुर देव के पूजा अर्चना के साथ शुरू होती है। दशहरा को लेकर ठाकुरदेव धाम परिसर की साफ-सफाई सहित तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है तो वहीं ग्रामीण भी अपने घरों की साफ-सफाई के साथ घरों में रंग रोगन में जुट गए है। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के आस्था के केंद्र माने जानें वाले ठाकुर देव धाम में सबसे पहले दसई करमा दशहरे का आयोजन का आगाज डाँड़गोइहा ठाकुर देव से कुँवर के पंचमी मास से शुरू होता है।

## संगोष्ठी में महिला स्वास्थ्य पर जोर

**रामचंद्रपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को महिला स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उपस्थित मितानिन एवं आंबा कार्यकर्ताओं को महिला स्वास्थ्य का महत्व, आम बीमारियों की पहचान व उपचार, नियमित जांच पर चर्चा की गई। बीएमओ डॉ.महेश प्रसाद गुप्ता ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उन्हें सशक्त बनाने एवं मातृ मृत्यु कम करने की दिशा में आवश्यक पहल करने की सलाह दी। सरपंच श्रीमती यशोदा सिंह ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम पंचायत रामचंद्रपुर में रैली निकाली गई जिसमें मितानिन समूह की महिलाएं व ग्रामीणों ने भागीदारी की। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में 124 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर मानस भवन में आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** देशव्यापी सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष जयंती एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आयोजन मानस भवन में किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि कर किया।

कार्यक्रम मुख्य से कार्यक्रम प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, ललन प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, सीए प्रशांत गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, बसंत राय, रविशंकर राजवाड़े, राजेश सिंह, अनिल साहू, चुन्नी पैकरा, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, कपिल जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, अरूण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जनपद अध्यक्ष आशादेवी सोनपाकर, उपाध्याय प्यारे साहू, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, ईश्वर राजवाड़े, प्रदीप तिवारी, सुनीता कुर्रे, शिवकुमारी सोनपाकर, जिला मिडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन प्रकाश डाला। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आधुनिक रक्षा नवाचारों से प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो किसी भी खतरे का त्वरित, सटीक और शक्तिशाली जवाब देने में सक्षम है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं का एलान किया, जिससे स्वदेशी अंतरिक्ष क्षमताओं के एक नए युग का संकेत मिलता है। पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवतावाद का दर्शन प्रस्तुत किया।



## दुर्गा पंडाल परिसर में चला सफाई अभियान



चरचा कॉलरी। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिका परिषद शिवपुर चरचा में बुधवार को वार्ड क्रमांक 5 सुभाष नगर स्थित दुर्गा पंडाल परिसर और आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नवरात्रि व दुर्गा पूजा को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने नगर पालिका प्रशासन ने सफाई कार्य पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, सफाई निरीक्षक हरिश जायसवाल, वार्ड पार्षद रामकली पाल सहित भाजपा कार्यकर्ता और नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर परिसर और गलियों में झाडू लगाकर कचरा हटाया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छता पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने लोगों से अपील की कि पूजा-पंडाल और सार्वजनिक स्थलों में गंदगी न फैलाएं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि आने वाले दिनों में अन्य वार्डों व धार्मिक स्थलों पर भी ऐसे ही अभियान चलाए जाएंगे। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण में पर्व मनाने का आनंद ही अलग होता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मॉकड्रिल : टापू में...

वाले स्थानों पर पहुंचे, बच्चों और बुजुर्गों को पहले सुरक्षित करें तथा नाव या रस्सी का उपयोग कर बचाव दल का सहयोग लें। इसके अलावा आपदा के समय बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने और साफ पीने के पानी का उपयोग करने जैसी सावधानियों की जानकारी भी दी गई। जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग द्वारा अभ्यास के लिए होमगार्ड सहित बचाव दल, आवश्यक उपकरण, सामग्री मोटर बोट उपलब्ध कराया गया था। झुमका जलाशय में आयोजित इस मॉकड्रिल से न केवल जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की तैयारियों का आकलन हुआ, बल्कि ग्रामीणों को भी आपदा से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिला। इस तरह के अभ्यास समय-समय पर होते रहने से जनहानि को कम करने और आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने में मदद मिलेगी। मॉकड्रिल के दौरान अपर कलेक्टर व जिले के लिए इंसिडेंट कमांडर नियुक्त सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, सोनहत एसडीएम राकेश साहू, डिप्टी कलेक्टर अंशुल वर्मा सहित पुलिस बल, जिला सेनानी बल, स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग, फायर ब्रिगेड एवं आपदा प्रबंधन दल के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### एड्स एवं पोषण...

है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट कर देता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष गृहविज्ञान डॉ. सरोजबाला श्याग विश्नोई ने विषयांतर्गत बालिकाओं संबोधित करते हुए कहा कि सभी व्यक्तियों का जीवन आहार पर आधारित है जैसा खाए अन्न वैसा बने मन यहां कहावत हमारे जीवन की सच्चाई को दर्शाती है। कार्यक्रम डॉ. रश्मि तिवारी, डॉ. सुशील कुमार तिवारी, रजीतमनी सतनामी, डॉ. नसीमा बेगम अंसारी, कमलेश पटेल, सुशील छात्र, थनेन्द्र कश्यप, अभिषेक सिंह, मनीष कुमार श्रीवास्तव, सुनित जॉनसन बाड़ा एवं साधना बुनकर उपस्थित रहे।

### वित्तीय समावेशन के...

देशभर में चलाए जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में मुख्य रूप से जनधन खातों की केवाईसी, नए खाते खोलने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत कार्य किए गए। शिविर में उपस्थित खाताधारकों को डिजिटल बैंकिंग के लाभ, निष्क्रिय खातों की नियमित केवाईसी, बीमा कवरेज और शासकीय ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक मनीष पाराशर ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि वित्तीय समावेशन केवल बैंकिंग लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण एवं शहरी गरीब और वंचित वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का आधार है।







